दिनांक: 23.12.2023

द्वितीय परिशिष्ट

आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, यूपी में 08 से 10 जनवरी, 2024 को आयोजित इंडसफूड 2024 के 07वें संस्करण के दौरान एपीडा पवेलियन के डिजाइन और निर्माण कार्य के लिए बोलियां-जमा करने हेतु टीओआर

एपीडा को आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, यूपी में 08 से 10 जनवरी , 2024 को आयोजित इंडसफूड 2024 के 07वें संस्करण के दौरान एपीडा पवेलियन के डिजाइन और निर्माण-कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित करने हेतु एपीडा वेबसाइट पर अपलोड किए गए टीओआर पर 6thP Marketing से कुछ प्रश्न प्राप्त हुए हैं।

प्रश्नों का बिंदु-वार उत्तर नीचे दिया गया है:

प्रश्न सं. 1: प्रिन्ट की जाने वाली प्रदर्शकों की निर्देशिका की मात्रा।

उत्तर: टीओआर के बिंदु सं. 5.4 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार लगभग 500 निर्देशिका।

प्रश्न सं. 2: प्रिन्ट किए जाने वाले कॉर्पोरेट ब्रोशर की मात्रा।

उत्तर: एपीडा मौजूदा उपलब्ध ब्रोशर का उपयोग करेगा, इसलिए कोई कॉर्पोरेट ब्रोशर प्रिन्ट नहीं किया जाएगा।

प्रश्न सं. 3: प्रिन्ट किए जाने वाले ऑर्गेनिक ब्रोशर की मात्रा।

उत्तर: (i) टीओआर के बिंदु सं. 5.4 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार जैविक उत्पादों के लगभग 500 ब्रोशर।
(ii) टीओआर के बिंदु सं. 5.4 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार मादक पेय उत्पादों के लगभग 500 ब्रोशर।

प्रश्न सं. 4: बोलीदाता का कार्य-क्षेत्र विस्तृत में प्रदान करें और बिंदु सं. 5 अर्थात प्रचार और प्रेस कॉन्फ्रेंस में उल्लिखित वस्तुओं की मदें निर्धारित करें।

उत्तर: बिंदु सं. 3.11 – हटा दिया गया।
बिंदु सं. 5.1 - बोलीदाता को प्रेस विज्ञप्ति (कम से कम 3), समाचार पत्र कवरेज (कम से कम 10), इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कवरेज (कम से कम 10), और सोशल मीडिया में विज्ञापन (उस क्लिपिंग्स तक कम से कम 10 काउंटडाउन) से एपीडा गतिविधियों के लिए प्रतिष्ठित मीडिया एजेंसियों का समन्वय और पहचान करनी होगी।
बिंदु सं. 5.2 – इवेंट के दौरान प्रतिदिन 3-5 मिनट का वीडियो कैप्सूल तैयार कर एपीडा यूट्यूब चैनल पर अपलोड करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। उसी वीडियो कैप्सूल का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कवरेज के लिए किया जा सकता है।
बिंदु सं. 5.3 – कोई परिवर्तन नहीं
बिंदु सं. 5.4 (क एवं ख) - कोई परिवर्तन नहीं
बिंदु सं. 5.4(ग) – उत्पाद ब्रोशर को 130 जीएसएम इम्पोर्टेड आर्ट पेपर का उपयोग करके 4 पृष्ठों में विकसित किया जाएगा। प्रत्येक ब्रोशर के लिए सीडीआर फॉर्म में सॉफ्ट कॉपी अपेक्षित है।

अतिरिक्त गतिविधियां:

1. एपीडा द्वारा हॉल नं. 15 में वाइन और स्पिरिट सेक्शन में 36 वर्ग मीटर और ताजे फल और सब्जियों के सेक्शन में 18 वर्ग मीटर की खाली जगह बुक की गई है। इस क्षेत्र को लकड़ी की संरचना या पर्यावरण के अनुकूल सामग्री में डिजाइन और निर्मित किया जाएगा जो एपीडा के पूरे पवेलियन की डिजाइन संरचना से मेल खाता होगा।
2. एजेंसी को वाइन और स्पिरिट सेक्शन में कम से कम 6 बूथ और ताजे फल और सब्जियां सेक्शन में कुर्सी, मेज और अन्य अपेक्षित प्रावधानों के साथ 3 बूथ प्रस्तावित करने होंगे।
3. एजेंसी को हॉल नं. 15 में संपूर्ण एपीडा पवेलियन के लिए समेकित वित्तीय प्रस्तावों के साथ डिज़ाइन सहित बोली जमा करनी होगी।